राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र संवाद मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए

जयपुर, 19 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने लखनऊ में शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान के तत्वावधान में आयोजित संवाद मिलन समारोह में भाग लिया। उन्होंने इस दौरान मेल जोल की भारतीय संस्कृति की चर्चा करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद से प्रेरणा लेते हुए सभी से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लिए कार्य करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने स्थानीय लोगों से आत्मीय संवाद करते हुए अपने संस्मरण भी साझा किए।

श्री मिश्र का पूर्व उप मुख्यमंत्री और सांसद श्री दिनेश शर्मा और पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में अभिनंदन किया।

——————